एक नजर में

भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर मटेवा में कार्यक्रम

मोहन बड़ोदिया, 15 नवंबर . मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के चयनित नवांकुर कृषि जगत प्रणाली वाटरशेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड़ संस्थान मोहन बड़ोदिया द्वारा शनिवार को ग्राम पंचायत मटेवा में भगवान बिरसा मुंडा जयंती का आयोजन किया गया . कार्यक्रम में ग्रामीण जनएजनप्रतिनिधि एवं संस्था सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया . कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में माध्यमिक विद्यालय मटेवा के पूर्व प्रधानाध्यापक प्रेमसिंह मंडलोई, संस्था प्रतिनिधि दिनेश कुमार कलमोदिया, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र कलमोदिया, अध्यक्ष नरेन्द्र पाटीदार, राधेश्याम विश्वकर्मा, निर्भय सिंह नागझीरी की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई . जिसमें सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और भागवान बिरसा मुंडा की पुजा कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया . इसके बाद संस्था प्रतिनिधि दिनेश कुमार कलमोदिया ने अतिथियों का स्वागत किया . इसके उपरांत प्रेमसिंह मंडलोई व नरेन्द्र पाटीदार ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला . संस्था प्रतिनिधि ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश स्कूल में पढ़ाई के बावजूद अपने धर्म और संस्कृति से कभी समझौता नहीं किया . उन्होंने आदिवासी समाज को जागरूक किया और अनेक कठिनाइयों के बाद भी संघर्षरत रहे . जेल जाना मंजूर किया पर धर्म और संस्कृति के प्रति दृढ़ बने रहे .

कन्या महाविद्यालय मे भी हुआ कार्यक्रम का आयोजन

शाजापुर, 15 नवंबर . किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित किया गया . प्रभारी प्राचार्य डॉ .पी मूंदड़ा एवं स्टाफ सदस्यों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया . इसके बाद उनके जीवन चरित्र के बारे में छात्राओं को बताया .कार्यक्रम का संचालन डॉ .संदीप कुमार सिंह ने किया . आयोजन प्रभारी डॉ . रितेश महाड़िक ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष पर शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में निबंध, रांगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया . जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की . इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही .

72 वें अखिल भारतीय सरकारी सप्ताह का शुभारंभ

शाजापुर, 15 नवंबर . जिला सहकारी संघ शाजापुर के तत्वावधान में 72 वे अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ उपयुक्त सहकारिता ओपी गुप्ता के मुख्य अतिथि में ध्वजारोहण एवं सहकारी गीत के साथ किया गया . कार्यक्रम का मुख्य विषय परिचालन दक्षता जवाब देही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डीजीटीलीटरण को बढ़ावा देने के विषय में उपायुक्त ओपी गुप्ता ने संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को बताया कि संस्थाओं की आर्थिक स्थिति एवं उन्नति आपकी कार्य कुशलता एवं पारदर्शिता पर निर्भर है . शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक क्रश को एवं सर्वहारा वर्ग को लाभान्वित हो ऐसा प्रयास हमें करना चाहिए . जिससे सहकारी आंदोलन तेज गति की ओर बढ़ेगा . कार्यक्रम का संचालन शब्बीर खान प्रबंधक जिला सहकारी संघ ने किया . अंत में आभार प्रदर्शन बीएस भंवर प्रशासक जिला सहकारी संघ ने माना . इस अवसर पर राजेश देवड़ा ,कमल सिंह बेरछा, हरनाथ सिंह दिलोद, संतोष बेरछा, संतोष शर्मा हरपुर टीका, विजय व्यास चौसला, अशोक गुप्ता तिलावत आदि लोग उपस्थित रहे .

अभाविप ने छात्रावासों की समस्याओं पर दिया ज्ञापन

शाजापुर, 15 नवंबर . अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जिला संयोजक, जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग शाजापुर अधिकारी मीणा मंडलोई को ज्ञापन सौंपा . इस दौरान बड़ी संख्या में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र छात्राएं मौजूद रहे . ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अधिकारी मीणा मंडलोई कार्यालय में मौजूद नहीं थी .

इस पर विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने जमकर नारेबाजी की और लगभग एक घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया . इसके बाद मीणा मंडलोई पहुंचीं और ज्ञापन दिया . अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई शाजापुर द्वारा जिले में संचालित छात्रावासों में उत्पन्न गंभीर समस्याओं को लेकर यह ज्ञापन दिया गया . संगठन के नगर मंत्री पवन गुर्जर ने बताया कि छात्रावासों में लगातार अनियमितताएं देखने को मिल रही है . विद्यार्थियों को उचित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है . वहीं कंबल व अन्य आवश्यक सामग्री के अभाव में छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है . उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल सामग्री उपलब्ध होनी चाहिए, किन इसकी भी कमी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है . इसके साथ ही विभाग को आरटीआई के माध्यम से मांगी गई जानकारी भी निर्धारित समयावधि में उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे विद्यार्थियों में आक्रोश है . इन सभी समस्याओं को लेकर अभाविप कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में छात्रों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा तथा शीघ्र समाधान की मांग की .

मक्सी की किस्मत बदलने आज आएंगे प्रदेश के मुखिया

8174 करोड़ के कार्यों का सीएम करेंगे शिलान्यास, दशहरा मैदान पर होगी जनसभा

शाजापुर, 15 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को शाजापुर जिले के मक्सी दौरे पर रहेंगे. इस दौरान वे नगर और आसपास के क्षेत्रों में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और भूमिपूजन करेंगे. मुख्यमंत्री दशहरा मैदान पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे.

मुख्यमंत्री सिरोलिया रोड हेलीपैड पर दोपहर 2 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे. इसके बाद वे बारांडवा स्थित नए औद्योगिक क्षेत्र फेज 2 में 8174 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली छह औद्योगिक इकाइयों का शिलान्यास एवं भूमिपूजन करेंगे. इनमें जैक्सन कंपनी की 8 हजार करोड़ रुपये की दो बड़ी इकाइयां शामिल हैं. औद्योगिक परियोजनाओं के बाद मुख्यमंत्री का काफिला एबी रोड स्थित नगर पति हनुमान मंदिर पहुंचेगा. यहां से वे रोड शो करते हुए दशहरा मैदान स्थित सभा स्थल पर जाएंगे. सभा स्थल पर मक्सी के पुराने एबी रोड पर 384 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले फोरलेन मार्ग और शहरी मार्ग का भूमिपूजन किया जाएगा. साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल सांदीपनी विद्यालय शाजापुर का वर्चुअल उद्घाटन भी होगा. मुख्यमंत्री प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को राहत राशि का अंतरण भी करेंगे. इन सभी कार्यक्रमों के बाद डॉ.यादव जनसभा को संबोधित करेंगे और फिर भोपाल लौट जाएंगे.

विधायक ने किया सीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव के कार्यक्रम को देखते हुए विधायक अरुण भीमावद एवं कलेक्टर ऋजु बाफना ने की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया . इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की समस्त तैयारियों की विस्तार पूर्वक समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए . साथ ही विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं व जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील भी की . इस दौरान पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत, डॉ . रवि पाण्डे, अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, जिला सीईओ अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी मनीषा वास्कले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद थे .

विधायक ने की जिलेवासियों से अपील ...

रविवार को सीएम के आगमन पर होने वाले आयोजन को लेकर शाजापुर विधायक अरूण भीमावद ने भी जिलेवासियो से अपील की है . विधायक भीमावद ने बताया कि सीएम डॉ .मोहन यादव द्वारा मक्सी नगर में विशाल आमसभा को संबोधित करने के साथ ही विकास के नए अध्याय का शुभारंभ करेंगे . इसलिए हम सभी का दायित्व है कि इस ऐतिहासिक पल के हम भी साक्षी बने और आयोजन को सफल बनाएं .

अधिकारियों ने किया आयोजन स्थल का निरीक्षणए दिए निर्देश

जनसभा स्थल पर मंच, पंडाल और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं. प्रशासनिक अधिकारी लगातार मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं. रोड शो के दौरान मक्सी के विभिन्न सामाजिक संगठन मंच लगाकर मुख्यमंत्री का स्वागत करेंगे. नगरवासियों को मुख्यमंत्री के आगमन से क्षेत्र में नए विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है.

भाजपा और प्रशासन जुटे तैयारियों में

जिले को मिलने वाली इस सौगात से शाजापुर और उज्जैन क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी. हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा. इधर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन और भाजपा द्वारा तैयारियां की जा रही है. भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव-गांव जाकर कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और लोगों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील कर रहे हैं.

362 बोरी बंधान एवं 99 स्टापडेमो में लगाए कड़ीशटर

शाजापुर, 15 नवंबर. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों में वर्षा के जल संचय के लिए चलाए जा रहे अभियान में अब तक जिले में 362 बोरी बंधान बनवाकर, 99 स्टापडेमो के गेट, कड़ीशटर लगाने का कार्य संपन्न हुआ हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार कालापीपल जपं में 94 बोरी बंधान बनवाकर, 25 स्टापडेमो के गेट, कड़ी शटर लगाए गए. मो.बड़ोदिया जनपद पंचायत में 103 बोरी बंधान बनवाकर, 32 स्टापडेमो के गेट कड़ीशटर लगाए गए. शाजापुर जनपद पंचायत में 90 बोरी बंधान बनवाकर, 22 स्टापडेमो के गेट, कड़ीशटर लगाए गए. शुजालपुर जनपद पंचायत में 75 बोरी बंधान बनवाकर, 20 स्टापडेमो के गेट, कड़ीशटर लगाए गए हैं.

अरूण की भाग दौड़ के कारण विकास की योजनाएं मूर्त रूप ले रही धरातल पर

हर योजना के लिए विधायक संबंधित विभाग अधिकारी से स्वयं करते वन टू वन चर्चा

शाजापुर, 15 नवंबर. राजनीति में दो तरह के जनप्रतिनिधि होते हैं एक भोपाल से मिलने वालीयोजनाओं के भरोसे रहते हैं तो दूसरे विकास का सपना देखकर उसे साकार कराने तक रूकते नहीं है. मुख्यमंत्री हो या मंत्रीजी की घोषणा, विकास कार्य को अमल में लाने के लिए विधायक अरूण भीमावद खुद मंत्रालय के अधिकारियों से वन टू वन चर्चा कर योजनाओं को धरातल पर लाने तक सतत काम करते हैं.

गौरतलब है कि विकास योजनाओं को धरातल पर लाना ही जनप्रतिनिधि के लिए सबसे बडा काम है. घोषणाएं तो कई होती है लेकिन इन घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए संबंधित विभाग, अधिकारी, संबंधित बाबू से वन टू वन चर्चा कर योजना को मूल रूप देने के बाद ही चैन लेते हैं शाजापुर विधायक अरूण भीमावद. शाजापुर विधानसभा में आज बेरोजगारी का संकट काफी हद तक दूर होने जा रहा है. लगभग आठ हजार करोड़ का इतना बडा निवेश शाजापुर विधानसभा क्षेत्र में पहली बार ही देखने को मिल रहा है. मक्सी का विकास हो या शहर के फोरलेन की बात हो. शिक्षा के क्षेत्र में शाजापुर विधानसभा में महाविद्यालय और मेडिकल कॉलेज जैसी सौगात लाने की बात हो यह सब शाजापुर विधायक अरूण भीमावद की व्यक्तिगत रूचि के कारण ही संभव हो सके हैं. आम जनता के लिए बीमारी में आर्थिक सहायता के लिए भी खुद विधायक अरूण भीमावद जब तक चैन नहीं लेते जब तक पीड़ित के खाते में आर्थिक सहायता राशि ना पहुंच जाए. धर्म की बात करें तो शाजापुर में कई पुराने मंदिरों का जीर्णोद्वार व्यक्तिगत रूचि के कारण संभव हो सका है.

विधायक अरूण भीमावद के दोनों कार्यकाल में विकास की गाथा ...

साल 2023 में दूसरी बार विधायक अरूण भीमावद ने सबसे पहले धर्म के क्षेत्र में मां राजराजेश्वरी मंदिर, राम मंदिर, भूतेश्वर महादेव मंदिर, फूलखेड़ी हनुमान मंदिर, तालाब की पाल स्थित राम मंदिर, पुलिस लाईन रोड स्थित राम मंदिर, आलू प्याज की मंडी, मेडिकल कॉलेज, ट्रामा सेंटर, मोहन बडोदिया में आईटीआई कॉलेज, कबूलपुर स्थित जलस्रोत, शाजापुर शहर के लिए फोरलेन, मक्सी शहर के लिए फोरलेन, ग्रामीण क्षेत्र को जोडने के लिए नया बायपास, दुपाडा रोड सड़क निर्माण, बेरछा रोड सड़क निर्माण एवं अब 8 हजार करोड़ रूपये का मक्सी में निवेश . इन सभी विकास कार्य में कुछ विकास कार्य साल 2013 के विधायक कार्यकाल में हुए तो कुछ विकास कार्य साल 2023 के दो साल के विधायक कार्यकाल में हुए . इसके अलावा सबसे बडा किसानों के लिए सिंचाई की समस्या को हल करने के लिए महती योजना नर्मदा पाइप लाईन योजना का श्रेय भी विधायक के पहले कार्यकाल को जाता है .

पीओएस मशीन की धीमी गति का शीघ्र निराकरण होगा

उप संचालक कृषि ने किसानों से सहयोग बनाए रखने की अपील की

शाजापुर, 15 नवंबर. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश पर उप संचालक कृषि आरएल जामरे ने शाजापुर, मो. बड़ोदिया, शुजालपुर एवं कालापीपल में मार्केटिंग सोयायटी एवं डीएमओ के डबल लॉक केन्द्रों का भ्रमण किया.

उप संचालक कृषि आरएल जामरे ने किसानों से चर्चा कर बताया कि जिले में विगत दो दिवस से पीओएस मशीन में सर्वर धीमे होने की समस्या के कारण कृषकों को उर्वरक वितरण व्यवस्था में रूकावटें आ रही हैं. उक्त समस्या का निराकरण जल्द ही वरिष्ठालय स्तर से किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि जिले के साथ-साथ अन्य जिलों में भी यह तकनीकी समस्या आ रही है. इस संबंध में वरिष्ठालय द्वारा निरन्तर मॉनिटरिंग की जा रही है. जहां समस्या के निदान के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया जाकर निराकरण किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि जिले में खाद की पर्याप्त मात्रा मे उपलब्धता है. साथ ही उप संचालक कृषि जामरे ने किसानों से अपील की है कि वे सहयोग बनाए रखे. शीघ्र ही इस समस्या का निराकरण हो जाएगा. वितरण केन्द्रों पर उर्वरकों की निरन्तर आपूर्ति जारी है. इस समस्या का निराकरण होते ही कृषक अपनी आवश्यकता अनुसार उर्वरकों का उठाव कर सकेंगे.

भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जिलेभर में हुए आयोजन

शादीपुरा में 9 पीएम आवासों में कराया गृह प्रवेश

शाजापुर, 15 नवंबर. जिले में शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. इस उपलक्ष्य में जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. अभयपुर ग्राम पंचायत के ग्राम पीरखेड़ी में जिला प्रशासन द्वारा प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किया गया.

इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ.रवि पांडे और विधायक अरुण भीमावद सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे. वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, उनके सामाजिक संघर्ष और आदिवासी समाज के उत्थान में उनके योगदान पर प्रकाश डाला. इस दिन जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मोहन बड़ोदिया क्षेत्र के शादीपुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्ण हो चुके नौ आवासों का गृह प्रवेश कराया गया. शनिवार सुबह लगभग 10 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद सीईओ अमृतराज सिसोदिया, एडीओ, पीसीओ सहित हितग्राही और ग्रामीणजन उपस्थित थे. अधिकारियों ने लाभार्थियों को आवास सौंपकर इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया.

एक नजर में

शहर को मिलेगी पहले फोरलेन पुल की सौगात

चीलर नदी के बड़े पुल का होगा कायाकल्प

शाजापुर, 15 नवंबर. शहर के मध्य से गुजरने वाले नेशनल हाईवे के पुराने हिस्से को फोरलेन बनाने की तैयारी तेजी प्रारंभ हो चुकी है. जिसके अंतर्गत शहर को चीलर नदी के बड़े पुल पर भी स्थायी फोरलेन पुल की सौगात भी मिलने वाली है. इस सुविधा के बाद मार्ग पर यातायात और आवागमन की सुविधा भी सुलभ हो जाएगी.

उल्लेखनीय है कि शहरी हाईवे के हिस्से का पुनर्निर्माण करने के लिए क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद द्वारा किए गए प्रयास अब साकार रूप लेते नजर आ रहे हैं. इस संबंध में प्रदेश सरकार द्वारा योजना को प्रदान की गई स्वीकृति के बाद ग्वालियर की कुशवाह कंस्ट्रक्शन कंपनी को इस काम को पूरा करने का टेंडर मिला है. कंपनी द्वारा फोरलेन सर्वे कार्य पूरा करने के बाद बीते सप्ताह से क्षेत्र के चौड़ीकरण की तैयारी शुरू कर दी है. जिसके प्रथम चरण में टुकराना जोड़ से लेकर सनकोटा जोड़ तक सड़क किनारे खाली पड़े हिस्से के पेड़ और झाड़ियों को जेसीबी की मदद से हटाकर मार्ग को समतल किया जा रहा है. जिसके चलते बीते तीन दिनों से श्मशान घाट क्षेत्र एवं चीलर नदी के बड़े पुल के समीप वाले हिस्से की भी सफाई कर दी गई है. इसी दौरान कंपनी के अधिकारियों ने चर्चा में बताया कि फोरलेन निर्माण के दौरान चीलर नदी पर भी फोरलेन पुल तैयार किया जाएगा. वर्तमान पुल के मध्य से दोनों तरफ 52 फिट की जगह पुल निर्माण के लिए तय की जाएगी तथा कार्यादेश में उल्लिखित चौढ़ाई पर फोरलेन पुल निर्माण किया जाएगा. पुल की लंबाई करीब 80 मीटर यानि लगभग 250 फीट रहेगी. इस कार्य के अंतर्गत पहले भीमघाट वाले हिस्से की तरफ पुल निर्माण किया जाएगा ताकि वाहनों का आवागमन सुलभ रहे उसके बाद श्मशान घाट की तरफ पुल तैयार किया जाएगा. वर्तमान पुल के मध्यभाग से चौड़ाई तय करके इस फोरलेन पुल का निर्माण होगा. अधिकारियों की मानें तो पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होकर 2026 के अंत तक नए शाजापुर की पहचान बनता दिखाई देगा.



जाम की समस्या भी होगी समाप्त...

पुल पर कई बार जाम की स्थिति बनती है, जिससे नगरवासियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है. कई बार जाम में अधिकारी भी फंस चुके हैं जिन्हें भी इस समस्या का आभास हो चुका है. इस पुल के निर्माण व फोरलेन निर्माण से इस समस्या का भी स्थाई समाधान हो सकेगा.

अग्निवीर भर्ती रैली 22 नवंबर से 5 दिसंबर तक

शाजापुर, 15 नवंबर. सेना भर्ती कार्यालय महु मप्र द्वारा अग्निवीर भर्ती रैली 2025-26 देवी अहिल्या विश्वविद्यालय स्पॉटस कॉमप्लेक्स इन्दौर में 23 नवंबर 2025 से 5 दिसंबर तक की जाएगी. जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस भर्ती में इंदौर और उज्जैन संभाग के 15 जिले आगर मालवा, अलीराजपुर, बडवानी, खरगोन, मन्दसोर, नीमच, बूरहानपुर, देवास, धार, झाबुआ, इन्दौर, खंडवा, रतलाम, शाजापुर एवं उज्जैन के उम्मीदवार जिन्होंने अग्निवीर ऑनलाईन सामान्य परीक्षा उर्त्तीण की है वे इस भर्ती रैली में भाग ले सकते हैं. परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारो को रैली प्रवेश पत्र ईमेल एवं इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर भेज दिया गया है. उम्मीदवार रैली के दिन रैली मे भाग ले सकते है. अभ्यार्थी ध्यान रखे कि भर्ती प्रकिया पुरी तरह से पारदर्शी है, जिसमें बिचोलियो की कोई भूमिका नहीं है, चयन प्रक्रिया पुरी तरह से योग्यता पर आधारित है. उम्मीदवार को किसी भी व्यक्ति पर भरोसा नही करना चाहिये जो उन्हे सेना में भर्ती कराने के लिए वादा करता है. अभ्यार्थी प्रवेश पत्र मे दिए गए निर्देशो को ध्यान से पढे और उनका पालन करें. अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार सेना भर्ती कार्यालय महु से 7648815570 पर संपर्क कर सकते हैं.